सिद्धिमूलं प्रबन्धनम्
भा. प्र. सं. इन्दौर
IIM INDORE

भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर

# नेतृत्व विकास कार्यक्रम

मार्च 04 - 16, 2024 | आईआईएम इंदौर परिसर

Accredited by

EQUIS ACCREDITED
AACSB ACCREDITED
ASSOCIATION AMBAS ACCREDITED

# नेतृत्व विकास कार्यक्रम



मार्च 04 - 16, 2024 | आईआईएम इंदौर परिसर

## कार्यक्रम के पाठ्यक्रम की जानकारी (Programme Details):

वर्तमान समय में बाज़ार और उद्योग तेज़ी से बदल रहे हैं। ऐसे में किसी भी कंपनी के मैनेजर और लीडरों को अपने लक्ष्य और विचार स्पष्ट रखने की आवश्यकता है। उन्हें सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना और आने वाली सभी चुनौतियों को समझना भी ज़रूरी है। कौशल के विकास और इन चुनौतियों के समाधान के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर (आईआईएम इंदौर) ने लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम, यानि नेतृत्व विकास कार्यक्रम अब 'हिंदी' में शुरू किया है। यह प्रोग्राम सभी वर्किंग प्रोफेशनल्स के प्रबंधन कौशल (मैनेजमेंट स्किल्स) को बेहतर बना कर, उनकी कंपनियों का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने में मदद करेगा। दो सप्ताह का यह प्रोग्राम आईआईएम इंदौर परिसर में होगा।

## उद्देश्य (Objective):

- सभी प्रकार के व्यवसाय की समझ।
- रणनीतिक सोच और कार्यान्वयन को बेहतर बनाना।
- कर्मचारी समूहों और संगठनों का प्रभावी ढंग से नेतृत्व और प्रबंधन करना।
- चुनौतियों को समझना और उनके समाधान ढूँढने में सक्षम होना।
- व्यवसाय की रणनीतियों और अंतर में समझ विकसित करना।

## विषय (Subject):

- नेतृत्व (Leadership)
- प्रबंधन अभ्यास का परिचय (Introduction to Management Practice)
- स्वयं और दूसरों को समझना (Understanding Self and Others)
- मार्केटिंग का परिचय (Introdution to Marketing)
- वित्तीय लेखांकन एवं नियंत्रण (Financial Accounting and Control)
- मानव संसाधन का प्रबंधन (Managing Human Resource)
- संचालन प्रबंधन (Operations Management)
- व्यवसाय के लिए डिजिटल अनुप्रयोग (Digital Application for Business)
- उत्पाद रणनीति (Product Strategy)
- आपूर्ति श्रृंखला एवं रसद (Supply Chain and Logistics)
- संघर्ष प्रबंधन एवं संधिवार्ता (Conflict Management & Negotiation)
- व्यापार मॉडल (Business Model)
- डिजिटल मार्केटिंग (Digital Marketing)
- उद्यमिता और डिजाइन थिंकिंग (Entrepreneurship and Design Thinking)
- हितधारक प्रबंधन (Stakeholder Management)
- प्रबंधकों के लिए विश्लेषण (Analytics for Managers)
- रणनीति बनाना और क्रियान्वित करना (Creating and Executing Strategy)
- संचार कौशल (Communication Skills)

## आवेदक की वैधता (Eligibility):

प्रोग्राम किसी भी संगठन में कार्यरत अधिकारियों के लिए है।

## शुल्क (Fee):

प्रोग्राम की फीस रु. 80,000/- प्रति प्रतिभागी है। इसमें पाठ्यक्रम सम्बंधित पठन सामग्री (Study Material), भोजन और आवास (दो प्रतिभागियों के लिए एक कमरा) शामिल है। जीएसटी अतिरिक्त लागू होगा।

### आवास सुविधा (Accommodation):

आईआईएम इंदौर परिसर में आवास का विकल्प चुनने वाले प्रतिभागियों को वातानुकूलित कमरे उपलब्ध कराए जाएँगे। एक कमरे में दो प्रतिभागियों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम शुरू होने के एक दिन पहले की दोपहर से कार्यक्रम समाप्ति के एक दिन बाद की सुबह तक आवास उपलब्ध रहेगा। इस अवधि से अधिक आवास की मांग पर, कमरों की उपलब्धता होने पर 'पहले आओ पहले पाओ' (First Come First Serve) के आधार पर अनुरोध की स्वीकृति हो सकेगी।

## एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के प्रतिभागियों के लिए आईआईएम इंदौर एग्जीक्यूटिव एलुमनाई के लिए रजिस्ट्रेशन (Executive Education Alumni Registration):

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागी आईआईएम इंदौर के कार्यकारी शिक्षा पूर्व छात्र पद (Executive Education Alumni) के लिए पात्र होंगे। दो वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के इच्छुक प्रतिभागी आवश्यक शुल्क रु. 1,000/- + जीएसटी @18% प्रति व्यक्ति और आजीवन सदस्यता के लिए रु. 10,000/- + जीएसटी @18% शुल्क जमा करा सकते हैं।

**आईआईएम इंदौर के एग्जीक्यूटिव एलुमनाई को लाभ (Benefits to the Executive Education Alumni):**

- आईआईएम इंदौर से नए पाठ्यक्रमों के ब्रोशर और न्यूज़लैटर की सदस्यता
- आईआईएम इंदौर परिसर में उपस्थिति के दौरान लाइब्रेरी की सुविधा
- संस्थान द्वारा एलुमनाई को उनकी आधिकारिक ईमेल आईडी भी प्रदान की जाएगी

एलुमनाई की सदस्यता अनुरोध पर ही उपलब्ध होगी और प्रतिभागियों को एलुमनाई ऑफिस द्वारा स्थापित दस्तावेज़ीकरण प्रक्रिया का पालन करना होगा। मात्र कार्यक्रम का सफल समापन, आवेदन और शुल्क जमा करने पर किसी प्रतिभागी को एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एलुमनाई के लिए पात्र होने का अधिकार नहीं मिलेगा। यह दर्जा प्रदान करने का सम्पूर्ण अधिकार आईआईएम इंदौर के अधीन ही है।

संस्थान बिना किसी सूचना के किसी भी समय उपरोक्त शर्तों को संशोधित करने का अधिकार रखता है। कार्यकारी पूर्व छात्र सदस्यता प्रदान किए जाने के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद की सुनवाई का क्षेत्राधिकार केवल इंदौर की अदालतों के पास होगा।

## पंजीकरण (Registration):

प्रतिभागियों को आम तौर पर संगठनों द्वारा प्रायोजित (स्पोंसर) किया जाना है। हालाँकि, व्यक्तिगत रूप से प्रतिभागी द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार किए जा सकते हैं। नामांकन/आवेदन अगर स्वीकार होता है, तो आवेदक को संस्थान की ओर से औपचारिक रूप से सूचित किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर के माध्यम से नामांकन फॉर्म और प्रोग्राम फीस कार्यक्रम शुरू होने से 15 दिन पहले एमडीपी कार्यालय में जमा कर दी जानी चाहिए।

## कार्यक्रम समन्वयक का संपर्क:

**प्रोफेसर सुबीन सुधीर** | ईमेल: Subins@iimidr.ac.in

## अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

mdp@iimidr.ac.in | फ़ोन: 0731-2439745/751




सिद्धिमूलं प्रबन्धनम्
भा. प्र. सं. इन्दौर
IIM INDORE

**INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT INDORE**

Prabandh Shikhar, Rau-Pithampur Road, Indore 453 556, Madhya Pradesh, India
Tel.: 0731-2439750, 2439751, 2439752, 2439753, 2439754, Fax: 0731-2439800
Email: mdp@iimidr.ac.in, Website : www.iimidr.ac.in